भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3802

दिनांक 11 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की अवसंरचना

3802. श्री कानुमुरु रघु राम कृष्ण राजू:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में कार्यरत आंगनवाड़ी केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के अपने भवन और अवसंरचना हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने पिछले दो वर्षों के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण हेतु कोई धनराशि जारी की है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या भवन निर्माण के लिए जारी की गई निधि का पूर्ण उपयोग कर लिया गया है; और
(ङ) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना के अनुसार, 55607 आंगनवाड़ी केन्द्र संस्वीकृत किए गए हैं, जो सभी राज्य में कार्यरत हैं।

(ख) : आन्ध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार, कुल क्रियाशील 55607 आंगनवाड़ी केन्द्रों में से 21206 सरकारी भवनों में, 6324 स्कूलों में, 4790 पंचायत/सामुदायिक भवनों में और 23287 किराए के भवनों में स्थित हैं।

(ग) से (ङ.) : मंत्रालय द्वारा राज्य से मांगी गई वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (एपीआईपी) में, विगत दो वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए, राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए कोई निधि नहीं मांगी।

******